मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-155
15/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में गोपालगंज जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 15 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में गोपालगंज जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के फैकल्टी लाउंज में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में गोपालगंज जिले के सांसद, विधान पार्षद, विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी गोपालगंज डॉ0 नवल किशोर चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं मत्स्य संसाधन के विकास के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, स्वयं सहायता समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ लोगों को ससमय उपलब्ध करायें। बच्चियों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दें। बच्चियों के 2 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण टीकाकरण कराइये, यह काफी आवश्यक है, इसमें विलंब नहीं होना चाहिये। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम को और अधिक प्रचारित करायें ताकि इसका अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। पढ़ाई छोड़ चुके बेरोजगार युवाओं को कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। नौकरी की तैयारी में लगे युवाओं को स्वयं सहायता भत्ता का लाभ अवश्य दें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में विलंब न करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बाढ़ प्रभावित इलाका है, हम यहां आकर कई बार स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं और इस इलाके में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का एरियली सर्वे भी कर चुके हैं। यहां विकास के अनेक कार्य कराये गये हैं। बाढ़ को ध्यान में रखते हुए भी हर जरूरी काम कराये गये हैं ताकि लोग सुरक्षित रहें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ निरोधी कार्य से संबंधित विभाग के अधिकारी और जिलाधिकारी जन प्रतिनिधियों के साथ जाकर बांध की स्थिति का जायजा लें। हर जरूरी काम बरसात से पहले पूर्ण करायें ताकि बाढ़ की स्थिति में भी लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों ने बंद पड़े सासामोसा चीनी मिल के पास अपने बकाये का भुगतान नहीं होने के संबध में जानकारी दी है। किसानों के बकाये का भुगतान हो सके इस दिशा में पहल करें। गन्ना किसानों को हम प्रोत्साहित करते रहे हैं। बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से स्टेबलिश करना है, इसे फिर से स्टेबलिश करने के लिये सरकार पहल करेगी। चीनी मिलों को चालू करने की प्रक्रिया के क्रम में ही गन्ना किसानों के अविलंब भुगतान के संबंध में नियम भी बनाया जायेगा। सासामोसा चीनी मिल प्रबंधन द्वारा अगर गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान करने की दिशा में कदम नहीं उठाये गये तो उसे सीज कर सरकार किसानों के बकाये का भुगतान करने की दिशा में निर्णय लेगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि हर घर नल का जल मेंटेन रखें। कहीं से अगर गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो उसे अविलंब ठीक करायें। पंचायत चुनाव एवं निकाय चुनाव में पुराने जनप्रतिनिधि यदि इस बार चुनाव हार गये हैं तो उनसे हर घर नल–जल योजना के काम को नये चुने हुए प्रतिनिधि के पास यथाशीघ्र ट्रांसफर करने का काम जल्द से जल्द करायें।

गोपालगंज के जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खान एवं भूतत्व मंत्री सह गोपालगंज जिले के प्रभारी मंत्री डॉ0 रामानंद यादव, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मद्य निषेद्य उपाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, सांसद श्री आलोक कुमार सुमन, विधान पार्षद श्री राजीव सिंह विधायक श्री अमरेंद्र कुमार पांडे, विधायक श्री प्रेमशंकर प्रसाद, विधायक श्रीमती कुसूम देवी, विधायक श्री रामप्रवेश राय, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त सारण प्रमंडल श्रीमती पूनम, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण प्रक्षेत्र, छपरा श्री विकास कुमार, गोपालगंज के जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी, गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि अभी समाधान यात्रा चल रही है। कल यात्रा समाप्त होगी। सभी जगहों पर हमलोग घूम रहे हैं। जहां जो भी काम करने की जरुरत है, उसे हमलोग देख रहे हैं। आज भी समीक्षा बैठक में सभी चीजों पर डिटेल से चर्चा हुई है। समीक्षा बैठक में एक–एक चीजों को लेकर चर्चा हुई है। बाढ़ के समय यहां जो समस्या होती है, उसका जायजा लेने हमलोग हमेशा आते रहे हैं। सभी समस्याओं का हमलोग समाधान करेंगे। हमलोगों के घूमने का यही मकसद है कि अगर कहीं कोई कमी है तो उसे दूर किया जाये।

गोपालगंज में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बहुत सारे इंस्टीट्यूशन और कॉलेजों की स्थापना कराई गई है। मेडिकल

कॉलेज भी बनवाये जा रहे हैं। सभी तरह के विकास के कार्य करवाये जा रहे हैं। विकास के काम में कहीं कोई कमी न रह जाये, इसी को देखने के लिए हमलोग घूम रहे हैं। गोपालगंज राज्य का बहुत महत्वपूर्ण स्थल है। इसके विकास के लिए हमलोग शुरु से काम कर रहे हैं। वर्ष 2009 में ही हमने यहां पर कई कार्य शुरु कराये थे। उस समय यहीं से बेतिया जाकर हमने यात्रा की शुरुआत की थी।

उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा विपक्षी एकता की कवायद शुरु करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सब अलग चीज है। इसके बारे में बाद में पूछिएगा। अभी हमलोग विकास के काम में लगे हुए हैं।

******